राज्य स्तरीय गुरु घासीदास लोक महोत्सव एवं जयंती

चर्चा में क्यों?

31 दिसिंबर, 2021 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश ने बघेल बेमेतरा ज़िले के विकासखंड मुख्यालय नवागढ़ में आयोजित चार दिवसीय राज्यस्तरीय गुरु घासीदास लोक महोत्सव एवं जयंती समारोह एवं ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता के समापन समारोह में नगर पंचायत नवागढ़ को नगर पालिका का दर्जा प्रदान करने के साथ ही अनेक घोषणाएँ की।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने नवागढ़ अस्पताल का 50 बिस्तर वाले अस्पताल के रूप में उन्नयन करने, संबलपुर में पुलिस चौकी एवं नवागढ़ के जोड़ा जैतखाम को विकसित करने के लिये एक करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने सत्य के मार्ग पर चलते हुए समाज के अंधकार को दूर करने का प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ की धरती में गुरु बाबा अवतरित हुए और छत्तीसगढ़ी बोली में जन-जन तक अपना संदेश पहुँचाया। समानता, सामाजिक समरसता का संदेश देकर बाबा ने मानव समाज को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य किया।
- बाबा ने सूत्र वाक्य दिया 'मनखे-मनखे' एक समान अर्थात मानव-मानव में कोई भेदभाव नहीं है, सब समान हैं। इसके अलावा उन्होंने सत्य ही ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है का संदेश दिया है।
- समारोह में मुख्यमंत्री ने ओपन पंथी नृत्य प्रतियोगिता के विजेता पंथी दल को पुरस्कार वितरित किये। प्रथम पुरस्कार एक लाख 51 हज़ार, द्वितीय पुरस्कार एक लाख एक हज़ार रुपए, तृतीय पुरस्कार 75 हज़ार रुपए एवं स्पर्धा में शामिल पंथी नृत्य दलों को 3100 रुपए सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-level-guru-ghasidas-folk-festival-and-jayanti